प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

29 अप्रैल 2021

आरबीआई नेटवर्क फॉर ग्रीनिंग द फाइनैन्शल सिस्टम का सदस्य बना

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) 23 अप्रैल 2021 से सेंट्रल बैंक्स एंड सुपरवाइजर्स नेटवर्क फॉर ग्रीनिंग द फाइनैन्शल सिस्टम (एनजीएफएस) का सदस्य बन गया है।

एनजीएफएस की शुरुआत 12 दिसंबर 2017 को पेरिस वन प्लैनेट समिट में की गयी थी। एनजीएफएस केंद्रीय बैंकों और पर्यवेक्षकों का एक समूह है जो स्थायी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने में समर्थन देने के लिए मुख्यधारा विषयक वित्त का इस्तेमाल करते समय अपने उत्तम प्रथाओं को साझा करने और वित्तीय क्षेत्र में पर्यावरण और जलवायु जोखिम प्रबंधन के विकास में योगदान देने की इच्छा रखते हैं।

आरबीआई को एनजीएफएस की सदस्यता से लाभ मिलने की उम्मीद है क्योंकि इससे सीखने और हरित वित्त संबंधी वैश्विक प्रयासों में योगदान देने का अवसर प्राप्त होगा। जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में हरित वित्त की महत्ता बढ़ी है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/131